लेकसिटी की झीलें स्वच्छ, सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त रहे : जिला कलेक्टर

उदयपुर, (निसं)। जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने झीलों के संरक्षण से जुड़े समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि देश-दुनिया में झीलों को लेकर अपनी पहचान बना चुकी लेकसिटी की झीलों को स्वच्छ, सुरक्षित व प्रदूषणमुक्त रखने के लिए गठित समिति की बैठक निरंतर हो तथा यह सुनिश्चित हो कि झीलों को प्रदूषित करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। कलेक्टर मीणा सोमवार को हाईकोर्ट के निर्देशानुसार झीलों की स्वच्छता व संरक्षण के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर कलक्टर ने झीलों की स्वच्छता को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि हम सभी का दायित्व है कि झीलें साफ-सुथरी, सुरक्षित व प्रदूषण रहित रहे।

कलक्टर मीणा ने बताया कि झीलों के पानी की गुणवत्ता की जानकारी आमजन को देने व इस पर चौबीसों घंटे निगरानी के लिए 2 करोड़ के प्रोजेक्ट पर प्रदूषण नियंत्रण मंडल व नगर निगम द्वारा कार्यवाही जारी है।

इस दौरान निगम द्वारा झीलों की सफा को लेकर किये जा रहे प्रयासों की जानकारी लेने पर निगम आयुक्त वासुदेव मालावत ने बताया कि पिछोला झील में निगम द्वारा डीवीडिंग मशीन के माध्यम से नियमित सफाई करवाई जा रही है वहीं काई (शैवाल) के उचित निस्तारण के मत्स्य विभाग को निर्धारित राशि उपलब्ध करवाते हुए शैवाल का निस्तारण करवाया जा रहा है।

उदयपुर में झीलों की स्वच्छता व संरक्षण के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक में जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने चर्चा की।

- झीलों की स्वच्छता व संरक्षण के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

बैठक में झीलों में नावों के संचालन पर हुई चर्चा के दौरान कलक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि झीलों में स्पीड बोट को लेकर को टेंडर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशानुसार सौलर या बेट्री युक्त नावों का संचालन ही किया जाए और निविदा की शर्तों में नावों में स्पीड बोट का संचालन नहीं करने की शर्त को प्राथमिकता से जोड़ते हुए संबंधित को पाबंद कराए।

कलक्टर ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि झीलों के रखरखाव व संरक्षण को देखते हुए सिर्फ इको फ्रेंडली बोट को लेकर ही टेंडर हो।

झीलों के समीप वातावरण को शुद्ध एवं प्रदूषण मुक्त बनाये रखने के लिए कलक्टर ने झील किनारे पूर्व में लगाये गए व नष्ट हो चुके पौधों के स्थान पर नए व स्थानीय आबोहवा के अनुकूल पौधे लगाने के निर्देश दिए।

इस संबंध में उन्होंने यूआईटी को निर्देश दिए कि फतहसागर की पाल पर जुलाई के पहले सप्ताह में गुणवत्ता से युक्त पौधे लगाना सुनिश्चित करें और इन पौधों का उचित रखरखाव रखते हुए झीलों के समीप हरियाली बनाये रखने के लिए प्रभावी प्रयास करें।

बैठक दौरान कलक्टर मीणा ने शहर के लिए तैयार किए गए ट्रेफिक प्लान की समीक्षा की और कहा कि इसके तहत ट्रेफिक जाम की समस्या के समाधान व ट्रेफिक के प्रेशर को कम करने के लिए 50 से 60 प्रतिशत कार्यवाही की जा चुकी है। उन्होंने अब तक की गई कार्यवाही और भावी कार्ययोजना के बारे में विभागीय अधिकारियों को यातायात सलाहकार समिति की बैठक में प्रस्तुतीकरण देने के भी निर्देश दिए।

झील स्वच्छता समिति की बैठक नियमित न होने पर कलक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए प्रत्येक तीन माह में इस बैठक के आयोजन के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि बैठक नियमित न कराने की स्थिति में संबंधित का दायित्व तय किया जाएगा।

बैठक में मौजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों को झील संरक्षण के लिए प्रभावी प्रयास करते हुए सौंपे गये दायित्वों को भलीभांति निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद सी ओ सलोनी खेमका, निगम आयुक्त वासुदेव मालावत, ट्रैफिक डिप्टी एसपी कुशाल चौरडिया सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर ने सैनिकों के कल्याण के लिए गठित समिति की बैठक ली

उदयपुर, (निसं)। जिले में सैनिकों के कल्याण के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक सोमवार को जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने ली।

बैठक को संबोधित करते हुए कलक्टर मीणा ने कहा कि सैनिकों और उनके परिवार से जुडी समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है और हर समस्या का समिति के माध्यम से उचित निस्तारण किया जाएगा। कलक्टर ने शहीदों की शहादत को सम्मान देने व गौरवांवित करने के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा कर कार्यवाही के निर्देश दिए।

बैठक में कलक्टर मीणा ने जिले में शहीदों के नाम पर विद्यालयों के नामकरण के प्रस्तावों के बारे में जानकारी ली तो सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल कमलेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि भारत-पाक युद्ध, 1971 में शहीद हुए सिपाही हुका के नाम पर ऋषभदेव पंचायत समिति के निचला मांडवा के राउमावि के, 1971 के ही युद्ध में शहीद हुए सिपाही नगजी के नाम पर ऋषभदेव पंचायत समिति के ग्राम पंचायत घोडी के राउमावि के, आपरेशन मेघदूत, 2011 में शहीद हुए लेफ्टिनेंट अर्चित वर्डिया के नाम पर राउमावि शोभागपुरा के तथा शहीद मेजर मुस्तफा बोहरा के नाम पर खेरोदा के राउमावि के नामकरण के लिए प्रस्ताव शिक्षा विभाग राज्य मुख्यालय को भेजे जा चुके हैं। कलक्टर ने इस पर शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि को निर्देश दिए कि निदेशक को इस संबंध में उनकी तरफ से अर्द्धशासकीय पत्र लिखकर नामकरण की कार्यवाही पूर्ण करवाए।

कलेक्टर ने जिले में विभिन्न गांव-कस्बों में शहीदों की प्रतिमाएं लगाने के प्रकरण पर विभागीय अधिकारियों से चर्चा की और इस संबंध में राज्य स्तर से गाईडलाइन की जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित विभागों को इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने यूआईटी व नगर निगम के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जिला परिषद सीईओ को भूमि आवंटन संबंधित प्रस्ताव भी तैयार करने के निर्देश दिए। शहीद अभिनव नागौरी के पिता धर्मचंद नागौरी ने तथ्यात्मक जानकारी प्रस्तुत की।

बैठक में कलक्टर मीणा ने विकल्प पत्र के तहत शहीद मेजर मुस्तफा बोहरा की माता द्वारा उदयपुर शहर में हाउसिंग बोर्ड के एमआईजी मकान आवंटन व तत्कालिक आर्थिक सहायता के प्रकरण की प्रगति की समीक्षा की वहीं शहीदों के माता पिता को निःशुल्क रोडवेज पास जारी करने की प्रगति के बारे में बताया गया। इसी प्रकार कर्नल ने बताया कि शहीदों के माता पिता को परिचय पत्र भी राज्य सरकार की ओर से जारी किए जा रहे हैं। इसके साथ ही कलक्टर ने पूर्व सैनिकों को आवंटित हथियारों के नवीनीकरण का कार्य आवेदन प्राप्त होते ही करने को भी आश्वस्त किया। बैठक में पूर्व सैनिकों संबंधित समस्याओं पर जनसुनवाई भी की गई जिसमें सूबेदार मेजर सज्जनसिंह राव द्वारा आबादी पुश्तैनी भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा मकान गिरा दिए जाने के प्रकरण में कलक्टर मीणा ने परिवादी राव तथा संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को अगले सोमवार को बुलाकर व्यक्तिगत सुनवाई कर समाधान की बात कही। इसी प्रकार पेटी ऑफिसर एएस घायल द्वारा अपने मकान के सामने एक मकान मालिक द्वारा सेट बैक बंद कर मुख्य द्वार खोलकर सड़क की चौड़ाई कर दिए जाने के प्रकरण में नगर निगम आयुक्त वासुदेव मालावत को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए।

GOVERNMENT OF RAJASTHAN
OFFICE OF THE MARRIAGE OFFICER & DISTRICT MAGISTRATE, UDAIPUR, (RAJASTHAN) INDIA

No. F-16/13(28) SM/Jud/2023/3728
Date: 19-06-2023

PUBLIC NOTICE

Mr. Asif Mnsood Shah S/o Ishaq Hussain Shah R/o H.No.55/1005, Hitawalo Ki Bari,Kharol Colony Fatehpura Udaipur, (M.No. 9829585007) and Tahira Abbas D/o Abbas Ahmed Ali R/o 222-B Syedna Jalal Road Shabbairabad D.B.C.H.S., Karachai Pakistan At Present H.N.55/1005 Hitawala Ki Bari,Kharol Colony Fatehpura Udaipur, (M.No. 9521778199) have presented an application today for Registration of marriage between them under section-15 of the special marrige Act 1954.

Therefore, this Notice is being published in the interest of general public under the Special Marriage Act, 1954 {Sec. 6 (2) (3)}, That any person having any objection to this marriage may, within thirty days of the Publication of this notice apply in person or by post in writing to the undersigned specifying the grounds for such objection.

The public Notice has been issued today the date 16 .06.2023 under my hand and seal.

MARRIAGE OFFICER
(ADD.Distt. Magistrate City)
Udaipur (Rajasthan) India

राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेलों का आगाज 23 से

उदयपुर (निसं)। जिले में राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेलों की तैयारियां पूर्ण हो गई है। आगामी 23 जून से इन खेलों का आगाज होगा।

जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने बताया कि उदयपुर जिले ने पंजीयन में भी सर्वाधिक उत्साह दिखाया। एक ओर जहां ग्रामीण क्षेत्र से कुल 3 लाख 17 हजार 10 पंजीयन हुए वहीं शहरी क्षेत्र से 61 हजार 907 पंजीयन हुए। पंजीयन के मामले में उदयपुर ग्रामीण क्षेत्र से प्रदेश में नंबर वन रहा तथा शहरी क्षेत्र से नंबर तीन के स्थान पर रहते हुए टॉप जिलों में आकर कीर्तिमान स्थापित किया है।

उन्होंने बताया कि राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेलों के तहत ग्रामीण क्षेत्र में कबड्डी, टेनिस बॉल क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो (महिला वर्ग), शूटिंग बॉल (पुरुष वर्ग) एवं रस्साकसी (महिला वर्ग) की प्रतियोगिताएं होंगी। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में कबड्डी, टेनिस बॉल क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल (पुरुष वर्ग), खो-खो (महिला वर्ग), बास्केटबॉल, एथलेटिक्स (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर) की प्रतियोगिताएं आयोजित होगी।

नोडल अधिकारी शकील हुसैन ने बताया कि ग्रामीण ओलंपिक अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तरीय प्रतियोगिताएं 4 दिन, ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं 5 दिन, जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 3 दिन एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 4 दिन आयोजित होंगी।

इसी प्रकार शहरी ओलंपिक अंतर्गत नगर निकाय स्तरीय प्रतियोगिताएं 6 दिन, जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 3 दिन तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 4 दिन आयोजित होंगी।

लेकसिटी में चार दिन बाद सूरज निकला, बारिश थमी

उदयपुर, (निसं)। उदयपुर में चक्रवात 'बिपरजोय' के असर के चलते चार दिन से बादलों के साथ हो रही लगातार बारिश के बाद आज आसामान में सूरज निकला। 19 जून तक अलर्ट के साथ आज बारिश थमने से जिले में चक्रवात थमता दिखाई दिया। हालांकि शाम को कुछ देर आसमान में बादला दिखे लेकिन हवाएं आज थम गई। सुबह 8.30 बजे तक समाप्त बीते 24 घंटों में उदयपुर शहर में एक इंच (25 मिमी) व वल्लभनगर में सर्वाधिक 6 इंच बारिश हुई। चक्रवात की इस बारिश ने पूरे जिले को भिगोया लेकिन बारिश का रूप शहर में अधिकांश खण्डवर्षा के रूप में ही दिखाई दिया।

चक्रवात बिपरजोय के कारण लेकसिटी में हवाओं के साथ लगातार हो रही बारिश से जनजीवन कुछ थम सा गया था। हालांकि लेकसिटी में मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार कई हिस्सों में बारिश तो हुई लेकिन इधर, जल संसाधन विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार प्रात: 8 बजे तक समाप्त बीते 24 घंटों में जिले में सर्वाधिक बारिश वल्लभनगर में 6 इंच (130 मिमी) रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा उदयपुर शहर में 25 मिमी, स्वरूपसागर 18, मदार 43, नाई 26, उदयसागर 15, बागोलिया 52 व देवास में 28 मिमी बरसात हुई। आज बारिश का दौर थमने के साथ ही मौसम में उमस घुली दिखाई दी वहीं आसमान में चार दिन बाद सूरज भी खिला। आज मौसम में बदलाव के साथ ही चक्रवात के थम गया। वहीं अब उदयपुर जिला किसी भी अलर्ट से बाहर दिखाया गया है।

- उमस के साथ चार डिग्री बढ़ा तापमान, चक्रवात थमा
- उदयपुर में एक इंच, वल्लभनगर में 6 इंच बारिश हुई

इधर, जिले में हुई चक्रवात की बारिश से कोटड़ा का साबरमती डेम छलक गया। फतहसागर झील का जलस्तर 7 फीट 9 इंच व पीछोला का जलस्तर 8 फीट 1 इंच बना हुआ है। मौसम विभाग डबोक से शहर के अधिकतम तापमान में चार डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। रविवार को अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री पर था जो सोमवार को 31 डिग्री रिकॉर्ड किया गया वहीं न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री रहा। वहीं सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक बीते 12 घंटों में कहीं भी बारिश के समाचार नहीं मिले है।

कार्यालय ग्राम पंचायत पानेर, पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-ग्रा.पं.स./निविदा/23-24/01 दिनांक : 19.6.2023

-: ई निविदा सूचना- 01/2023-24 :-

ग्राम पंचायत पानेर में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 26.06.2023 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

ZUD2324GLRC00249

सरपंच ग्राम पंचायत पानेर पं.स. सायरा, तह.गोगुन्दा

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत पानेर पं.स. सायरा , तह.गोगुन्दा

विद्यापीठ में आज के परिप्रेक्ष्य में होम्योपैथिक पद्धति की सार्थकता विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार

उदयपुर, (निसं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विवि) के संघटक होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय की ओर से के संस्थापक मनीषी पंडित जनार्दनराय नागर की 112 वीं जयंती पर आयोजित सात दिवसीय समारोह के तहत सोमवार को आज के परिप्रेक्ष्य में होम्योपैथिक पद्धति की सार्थकता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि बीमारियां अस्वस्थ खान-पान और तनावपूर्ण जीवन जीने के कारण होती हैं। वर्तमान युग में साक्ष्य-आधारित होम्योपैथी चिकित्सा के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता है। आधुनिक चिकित्सा की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए कठोर वैज्ञानिक अनुसंधान और नैदानिक परीक्षणों की आवश्यकता है। कई अध्ययनों से पता चला है कि होम्योपैथिक उपचार कई बीमारियों में बेहतर प्रभाव व विशिष्ट चिकित्सीय लाभ प्रदान करते हैं। होम्योपैथी चिकित्सा की ओर रुख करने के कारणों में व्यक्तिगत विश्वास व एलोपैथी चिकित्सा से असंतोष हैं। वैज्ञानिक साक्ष्य-आधारित होम्योपैथी चिकित्सा पर अधिक सटीक शोध कार्य करना वर्तमान समय की आवश्यकता है।

- 268 प्रतिभागियों ने वेबीनार में भाग लिया

तकनीकी सत्र की शुरुआत वर्तमान परिदृश्य में होम्योपैथी के लाभ और यह शरीर में कैसे कार्य करता है, पर चर्चा से प्रारम्भ हुई। बिजनौर के डॉ. कपिल शर्मा ने वर्तमान जीवन शैली विकार जैसे महिलाओं पर ओसीपी के खराब प्रभाव, लंबे समय तक बैठने वाली कार्य संस्कृति, कैंसर के मामलों की संख्या में वृद्धि और होम्योपैथिक दवाओं, कोविड के बाद की कमजोरी और कोविड के बाद बालों के झडने जैसे मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करते हुए उनकी चिकित्सा की चर्चा की।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. मीनाक्षी श्रीवास ने किया जबकि धन्यवाद की रस्म अदायगी डॉ. बबीता रशीद ने की व तकनीकी समन्वयन डॉ. चंद्रेश कुमार छतलानी ने किया। तकनीकी सहयोग विकास डांगी ने किया। वेबिनार में डॉ. नवीन विश्नोई, डॉ. लिली जैन, डॉ. अजीता रानी, डॉ. एजाज हुसैन, डॉ. प्रियंका कोठारी सहित 268 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उक्त जानकारी निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत ने दी।

पर्यावरण मंत्री को पत्र लिखा

जयपुर, (निसं)। राजसमंद सांसद और नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) की सदस्य दीया कुमारी ने केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव को पत्र लिखकर देश के टाइगर रिजर्व में 1 जुलाई से साप्ताहिक अवकाश के फैसले पर पुनर्विचार की मांग की है।

- दीया कुमारी ने टाइगर रिजर्व में साप्ताहिक अवकाश पर पुनर्विचार का आग्रह किया

दीया कुमारी ने अपने पत्र में कहा कि देश के टाइगर पार्क मानसून के दिनों में 92 दिन तक बंद रहते है और अतिरिक्त 52 साप्ताहिक अवकाश पर्यटकों के लिए रिजर्व में जाने के लिए उपलब्ध दिनों की संख्या को काफी कम कर देंगे। इससे पूरे देश में पर्यटन पर काफी प्रभाव पड सकता है। इस पर चिंता व्यक्त करते हुए सांसद ने मंत्री से निर्णय पर पुनर्विचार कर वर्तमान आदेश में संशोधन करने का अनुरोध किया है।

दीया कुमारी ने बताया कि कुछ दिन पहले मीडिया में उनके नाम से खबरें प्रकाशित हुई थीं कि उन्होंने साप्ताहिक अवकाश की मांग की थी, जो कि सही नहीं है। उन्होंने कहा कि ''मैंने किसी भी बैठक में ऐसी कोई मांग नहीं उठाई है।''

प्रारूप-10 नियम 6 (7) देखिये

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी सचिव नगर विकास न्यास चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/लोसू/ योजना/भूमि/2023/313-16 दिनांक:19जून 2023

::लोक सूचना::

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित आवेदकों द्वारा बरूए राजस्व विभाग की जमाबन्दी के अनुसार स्वयं के स्वामित्व, खातेदारी, अधिपत्य की कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन हेतू ऐसी भूमि के अपने अभिधृति के अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

खातेदार/आवेदक का नाम व पता	ग्राम	आ.न.	क्षेत्रफल	प्रयोजन
करणसिंह/दयालसिंह डांगी नि.सुन्दरवास नईग्लास फैक्ट्री के पास नियर एम कम्प्युटर्स गिर्वा उदयपुर	डगला का खेडा	361/454	0.47 में से 0.32	आवासीय
श्रीमती प्रेमलता पत्नी शान्तिलाल भडकतिया नि.गांधीनगर चित्तौड़गढ़ (राज.)	डगला का खेडा	361/604 361/603	0.46 0.47 में से 0.08	आवासीय
चम्पालाल पिता प्यारा रेगर निवासी घटियावली तहसील व जिला चित्तोड़गढ़ (राज.)	सेलाहेडा	1073 मी 1074 मी	0.11 0.14	आवासीय
बंशीगिरी/पोखर गिरी नि.प्रतापनगर, शान्तिलाल/भंवरलाल, भडक्तिया चित्तौड़गढ़, मुकेश कुमार/राम स्वरूप डाड भीलवाड़ा, श्रीमती कृष्णा पत्नी मुकेश कुमार पिता नाथूलाल डाड नि. भीलवाड़ा, रघुवीरसिंह अमर सिंह राजपूत निवाई चुई जिला नागौर, विजय सिंह/दिलीप सिंह नि.हिरणमगरी उदयपुर (राज.)	डगला का खेडा आवासीय	365/612 365/613 365/614 365/615 365/605 365/506 365/607 365/608	0.4700 में से 0.4650 में से 0.4650 में से 0.4650 में से 0.4700 में से 0.4650 में से 0.4650 में से 0.4650 में से	0.216136 0.216136 0.216136 0.216136 0.216136 0.216136 0.216136 0.216136

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति, संस्थान, को राजस्थान भूराजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने एवं अभिधृति अधिकारों के निर्वापन करने पर कोई आक्षेप हो तो इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षर कर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी व्यक्ति/ संस्था को आक्षेप नहीं है, और तदनुसार आक्षेप का निपटारा किया जावेगा यह सूचना पत्र आज दिनांक 19.जून 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुहर से जारी किया गया।

प्राधिकृत अधिकारी
सचिव नगर विकास न्यास चित्तौड़गढ़ (राज.)

पुलिस दल पर हमला कर हथियार लूटने वाला गिरफ्तार

उदयपुर, (निसं)। जिले के माण्डवा थाना पुलिस ने हमला कर हथियार लूट मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार 27 अप्रेल को माण्डवा पुलिस दल पर हिस्ट्रीशिटर रणिया पुत्र देवा व उसके पुत्र झाला को पकडने गए पुलिस दल पर रणिया व उसके परिजनों ने हमला कर बदमाश हथियार लूट ले गए थे। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर प्रकरण दर्ज किया था। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पारीक के सुपरविजन में माण्डवा थानाधिकारी अशोक कुमार के नेतृत्व में गठित दल ने तनकी अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर अणदा पुत्र नाणीया निवासी आडावेला कुकावास मांडवा को गिरफ्तार किया। अणदा माण्डवा पुलिस थाने का हिस्ट्रीशिटर होकर उसके खिलाफ सात अपराधिक मामले पूर्व में दर्ज है। इस मामले में पुलिस पूर्व में मुख्य आरोपी रणिया,जालमचंद उर्फ झाला पुत्र रणिया, खातरू पुत्र रणिया सहित 11आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया है। विधी से संघर्षरत दो बाल अपचारियों को डिटेन कर बाल सम्प्रेषण गृह भिजवाया जा चुका है।

राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया

उदयपुर, (निसं)। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वि व प्रदेश प्रभारी मो. शाहिद के निर्देशानुसार गोगुन्दा युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष बालू भील के नेतृत्व में विधानसभा के आदिवासी बच्चों के साथ केक कटवाकर जन्मदिन मनाया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी मो. शाहीद के गोगुन्दा विधानसभा में आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष ने तिरंगा साफा तथा एनएसयूआई राष्ट्रीय संयोजक शक्ति सिंह झाला ने मेवाड़ी उपरणा ओढ़ाकर स्वागत कर आदिवासी तीर कमान भेंट किया। इस अवसर पर कविता सरपंच लोकेश गमेती, कविता के पूर्व उपसरपंच मांगीलाल,सुनील गमेती बरोडीया, रुपेश गमेती खुमानपूरा, भूताला-कठार पंचायत समिति सदस्य दीपक गमेती,नारू गमेती, देवीलाल आदि मौजूद थे।

भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा आज निकलेगी

उदयपुर, (निसं)। शहर में भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा आज निकाली जाएगी।

जिला कलक्टर ताराचंद मीणा और एसपी भुवन भूषण यादव ने सोमवार शाम रथ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलक्टर ने शहर के विभिन्न हिस्सों से होकर गुजरने वाले इस रथयात्रा के प्रारंभ से लेकर वापसी तक कानून व्यवस्था, पार्किंग, यातायात आदि को लेकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और सफल आयोजन के लिए सभी को सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने आयोजकों से भी कार्यक्रम के सुचारु आयोजन हेतु प्रशासन का सहयोग करने की अपील की जिस पर आयोजकों ने हर सम्भव सहयोग हेतु आश्वस्त किया। इस दौरान निगम के अधिकारियों को रथयात्रा के लिए बेहतर व्यवस्थाएं मुहैया करवाने के निर्देश दिए।

इधर, जिला मजिस्ट्रेट तारा चंद मीणा ने आज शहर में आयोजित होने वाली जगन्नाथ यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं।

आदेश के अनुसार घंटाघर थाना क्षेत्र में जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कलाल कार्यपालक मजिस्ट्रेट होंगे जिनका कार्यस्थल जगदीश चौक से घंटाघर, बड़ाबाजार होगा। धानमंडी थाना क्षेत्र में स्थानीय निकाय विभाग के उप निदेशक कुशल कोठारी तथा बड़गांव तहसीलदार सुरेन्द्र बिश्नोई कार्यपालक मजिस्ट्रेट होंगे जिनका कार्यस्थल मोचीवाड़ा, भड़भूजा घाटी, धानमंडी, तीज का चौक होगा।

ऐसे ही सूरजपोल और घंटाघर थाना क्षेत्र में गिर्वा उपखंड अधिकारी प्रतिभा वर्मा तथा बड़गांव नायब तहसीलदार गोविंद दान चारण भी तैनात रहेंगे और इनका कार्यस्थल मार्शल चौराहा, अस्थल मंदिर, कालाजी गोराजी, रंग निवास होकर भटियानी चौहटा से पुन: जगदीश मंदिर होगा। ऐसे ही हिरण मगरी, सूरजपोल और सवीना थाना क्षेत्र में टीएडी के अतिरिक्त आयुक्त अनिल शर्मा हिरण मगरी सेक्टर 7 स्थित जगन्नाथ मंदिर से रथयात्रा प्रारंभ से समाप्ति तक रहेंगे।

गिर्वा तहसीलदार सुरेश नाहर जगदीश चौक रथ यात्रा के आगे रहेंगे, बड़गांव नायब तहसीलदार हेमंत शर्मा जगदीश चौक रथ यात्रा के मध्य तथा गिर्वा नायब तहसीलदार जब्बरदान चारण जगदीश चौक रथ यात्रा के पीछे रहेंगे। कलक्टर ने निर्देश दिए हैं कि ये सभी अधिकारी कार्यस्थल पर समय से पहुंच कर एडीएम (शहर) को मोबाइल पर सूचित करेंगे। एडीएम (शहर) प्रभा गौतम को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए समग्र रूप से प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जल में योग के कई आसन किए

उदयपुर, (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर उदयपुर में सेक्टर 11 स्थित आलोक संस्थान के इंद्रप्रस्थ तरणताल पर नि:शुल्क जल योग का आयोजन किया गया। योग गुरु एवं नैचुरोपेथिस्ट प्रीति डेम्बला ने बताया कि योग सिर्फ तन से नही बल्कि मन से होता है। जल में योग करने से आपकी बॉडी आपको डबल सपोर्ट करती है, जिन लोगों को पाचन, तनाव, सर दर्द की समस्या है, उन्हें इस जल योग से काफी राहत मिलती है। योग को नियमित रूप से करने से आप कई गंभीर बीमारियों से बच सकते है। जल योग में सभी ने विशेष रूप से हाइड्रो थेरेपी के जरिये इसके लाभ लिये।